आतंकवादी गतिविधियां

2762. **श्री राम सिंह भाई पातलीया भाई राठवा : क्या गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंजाब तथा देश के अन्य भागों में 1 जनवरी, 1986 से 15 जुलाई, 1987 तक की आतंकवादी गतिविधियों का ब्यौरा क्या है; और उनमें कितने व्यक्ति मारे गये/घायल हुये ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कितने आतंकवादी मारे गये अथवा गिरफ्तार किये गए ;

(ग) उनकी गतिविधियों को रोकने के लिये क्या ठोस कदम उठाये गये हैं ; और

(घ) उन देशों के नाम क्या हैं जो आतंकवादियों को प्रशिक्षण, धन तथा सभी प्रकार की सहायता दे रहे हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) और (ख) उपलब्ध सूचना संलग्न विवरण में दी गई है (नीचे देखिये) ।

(ग) इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिये उठाए गए कदमों में कानून बनाना, कानूनी कारंवाई करने के लिये कानून प्रवर्तन अभिकरणों को शक्तियां देना और प्रशासनिक उपाय जैसे आसूचना तंत्र को सुचारू बनाना, पंजाब तथा अन्य राज्यों में और सीमाओं पर पुलिस प्रबंधों को सुदृढ़ और आधुनिक बनाना और राज्य सरकारों को अर्द्ध सैनिक बलों की सहायता उपलब्ध कराना सम्मिलित हैं । आतंकवादी गतिविधियों के बारे में प्राप्त सूचना आवश्यक कारंवाई करने के लिये संबंधित प्राधिकारियों को भेजी जाती है । इस संबंध में राज्य सरकारों के साथ निकट सम्पर्क रखा जा रहा है ।

(घ) बताया जाता है कि आतंकवादी/उग्रवादी पाकिस्तान और बंगला देश में प्रशिक्षण और अन्य सहायता प्राप्त कर रहे हैं ।

विवरण

क्र०सं०	राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम	सूचना
1.	पंजाब . .	1 जनवरी, 1986 से 25 जुलाई, 1987 की अवधि के दौरान पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों के कारण हुई दुर्घटनाओं के संबंध मे 4231 मामले दर्ज किए गए हैं । इन घटनाओं मे 1002 व्यक्ति मारे गए है और 707 जख्मी हुए थे । 3587 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किए गए और 226 मारे गए ।
2.	हरियाणा . .	7 जुलाई, 1987, को हरियाणा में आतंकवादी गतिविधियों के कारण 34 व्यक्ति मारे गए और 21 व्यक्ति जख्मी हुए । राज्य में 3 संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ा गया ।

क्रम सं०	राज्य/शासित क्षेत्र का नाम	सूचना
3.	राजस्थान . .	1 जनवरी, 1986 से 15 जुलाई, 1987 तक की अवधि के दौरान राज्य में आतंकवादी गतिविधियों की 18 घटनाएं हुई जिसके परिणामस्वरुप 5 व्यक्तियों की जानें गई और 11 व्यक्ति जख्मी हुए। आपराधिक मामलों में 101 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किए गए और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत 15 को नजरबन्द किया गया और 3 मारे गए ।
4.	चण्डीगढ़ . .	1.1.86 से 15.7.87 तक की अवधि के दौरान संघ शासित क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों के कारण हुई दुर्घटनाओं में 2 व्यक्ति मारे गए और 4 व्यक्ति जख्मी हुए । इस प्रकार की घटनाओं के संबंध में 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।
5.	मेघालय . . .	28.4.1986 को शिलांग में एक बैंक में लूट-पाट की घटना में एक व्यक्ति जख्मी हुआ था । 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।
6.	त्रिपुरा . . .	1 जनवरी, 1986 से 15 जुलाई, 1987 तक की अवधि के दौरान राज्य में हुई उग्रवादी गतिविधियों के कारण 37 घटनाएं हुई जिसके परिणामस्वरुप 135 व्यक्ति मारे गए और 67 व्यक्ति जख्मी हुए । 16 संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार किया गए ।
7.	मणिपुर . . .	63 मामलों में 35 व्यक्ति मारे गए और 34 जख्मी हुए । 4 आतंकवादी मारे गए और 131 गिरफ्तार किए गए ।

आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, तमिलनाडु केरल, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, पाण्डिचेरी, सरकारों और लक्षद्वीप, अण्डमान और निकोबार, दादरा और नगर हवेली प्रशासनों ने सूचित किया है कि 1.1.1986 से 15 7.87 तक की अवधि के दौरान उनके ध्यान में इस प्रकार की कोई गतिविधि नहीं आई है । शेष राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों से सूचना की प्रतीक्षा है ।

FLOOD SITUATION IN ASSAM

SHRI NAGEN SAIKIA (Assam): Madam, with your kind permission, I want to draw the attention of the touse, through you, to the serious tuation caused by three consecu-vc, most devastating and unpreced ented floods in Assam. As a result of this, the whole State is under water now and this has affected the State very badly. I would also like to draw the attention of the House, to the passive attitude of the Central Government and to protest against this a delegation of the All-Assam Students' Union has come to Delhi and is resorting to a fast at the Boat Club. AGP Members are also coming to Delhi to stage a dhar-na at the Boat Club to protest against the attitude of the Central Government.

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (Assam): Madam, in spite of repeated requests. the Central Government is not coming forward to help the Assam Government. That | is why, the students and AGP Mem-I bers are staging a protest. *{Interruptions)*